उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(उ०प्र० सरकार का उपक्रम)
14 — अशोक मार्ग शक्ति भवन लखनऊ
U.P. POWER CORPORATION LIMITED

संख्या : 2721—अधि0प्रब0—03 / पाकालि / 11—3(4)ई0एम0—03 / विविघ / 09      दिनांक : 24 अगस्त,11

1. प्रबन्ध निदेशक,
   पूर्वांचल / पश्चिमांचल / मध्यांचल / दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0,
   वाराणसी / मेरठ / लखनऊ / आगरा।
2. प्रबन्ध निदेशक, कानपुर विद्युत आपूर्ति कम्पनी, कानपुर।
3. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0।
4. निदेशक (का0प्र0 एवं प्रशा0), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।

विषय :— कार्मिकों द्वारा प्रत्येक वर्ष नियमित रूप से चल / अचल सम्पत्ति का विवरण प्रस्तुत किये जा के संबंध में।

महोदय

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0—96—विनियम एवं औस / पाकालि / 10—6—विनियम / 98, दिनॉक—20.08.2010 द्वारा उ0प्र0 सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली—1956 (कारपोरेशन द्वारा अंगीकृत) के आंशिक संशोधन में यह प्राविधान किया गया है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, उ0प्र0 पावर ट्रान्समीशन कारपोरेशन लि0, तथा विद्युत वितरण निगमों के अधीन कार्यरत अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा अपनी (प्रति / पत्नी या नाबालिग बच्चों के नाम दर्ज सम्पत्ति सम्मिलित करते हुए) चल / अचल सम्पत्ति, उसके प्राप्त होने की तिथि, उसका माध्यम, अनुमानित लागत, आय का स्रोत आदि का विवरण अपनी प्रथम नियुक्ति एवं उसके पश्चात् प्रत्येक वर्ष (01, जनवरी से 30, जनवरी के बीच) अपने नियुक्ति प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जायेगा। परन्तु कारपोरेशन स्तर पर परिलक्षित किया गया है कि उक्त सम्पत्ति विवरण अधिकांश अधिकारियों द्वारा उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

इस संबंध में निर्देश दिये जाते हैं कि अपने नियंत्रणाधीन सभी कार्मिकों को कड़े निर्देश दे दें कि वे प्रत्येक दशा में अपनी चल / अचल सम्पत्ति संबंधी विवरण पत्र विलम्बतम् 30 सितम्बर,2011 तक कारपोरेशन मुख्यालय में उपलब्ध करा दें अन्यथा उनके विरूद्ध उ0प्र0 सरकारी सेवक आचरण नियमावली, 1956 के नियम—24 (3) के प्राविधानों के उल्लंघन करने हेतु प्रभावी कार्यवाही की जायेगी जिसके वे स्वयं उत्तरदायी होगें। चल / अचल परिसम्पत्ति विवरण पत्र का प्रारूप उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के बेबसाइट से डाउन लोड किया जा सकता है। उपर्युक्त अधिकारीगण अपने अधीनस्थ कार्मिकों जिनका अधिष्ठान स्वयं उनके स्तर पर सम्पादित किया जा रहा हो का अनुश्रवण कड़ाई से सुनिश्चित करेगें।

भवदीय,

(नवनीत सहगल)
अध्यक्ष सह प्रबन्धनिदेशक

संख्या— 2721—(1) अधि0प्रब0—03 / पाकालि / 11 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं तत्सम कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. निदेशक (वितरण) / निदेशक (लेखा) / निदेशक (वाणिज्यिक), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 लखनऊ।
2. समस्त मुख्य अभियन्ता (स्तर—I) (स्तर—II), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
3. अध्यक्ष विद्युत सेवा आयोग लखनऊ / निदेशक विद्युत प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ।
4. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
5. समस्त अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0।
6. समस्त अधिकारी / कर्मचारीगण, कारपोरेशन मुख्यालय, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. अधिशासी अभियन्ता वेब, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0, कमरा नं — 407, शक्ति भवन, लखनऊ।

आज्ञा से,
24/8/2011

(राकेश पुष्कर)
अपर सचिव

# चल/अचल सम्पत्ति सम्बन्धी घोषणा पत्र

**(क) उनके लिए जिनके पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे पास कोई अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि मैं एतद प्रश्चात् कोई अचल सम्पत्ति धारण करता/करती हूं तो अपनी तत्सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा में घोषणा करूंगा/करूंगी।

दिनांक........................

हस्ताक्षर

नाम......................

पद..........................

**(ख) उनके लिये जिनके पास अचल सम्पत्ति है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं निम्न प्रकार की अचल सम्पत्ति का स्वामी/की स्वामिनी हूं।

## भूमि सम्पदा

| सम्पत्ति जहां है | | | क्षेत्र एकड़ में | अर्जित या पैतृक, यदि अर्जित की गई है तो उसके अर्जन का दिनांक | वार्षिक राजस्व | अनुमानित मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनपद | तहसील | ग्राम | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | | | | | |

## गृह सम्पदा

| गृह जहाँ स्थित है | | | गृह संस्था | अर्जित या पैतृक, यदि अर्जित किया गया है तो उसके अर्जन का दिनांक | क्या स्वयं रहने के लिये प्रयोग कर रहे हैं या किराये पर दिया है? | वार्षिक किराया | अनुमानित मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्रम सं० | ग्राम नगर उप नगर | जनपद | | | | | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | | | | | | | | |

यदि मैं भविष्य में कोई अन्य अचल सम्पत्ति अर्जित करता/करती हूं तो इस तथ्य को उपर्युक्त प्रपत्र में सम्पत्ति अर्जित करने के दिनांक को जानकारी पाने के दिनांक से एक मास के भीतर घोषित कर दूंगा/दूंगी।

दिनांक..............

हस्ताक्षर

नाम......................

पद......................

**टिप्पणी :** अचल सम्पत्ति में ऐसा भवन व भूमि सम्पदा जो बंधक व पट्टे के रूप में अधिकारी/कर्मचारी या उसकी पत्नी/उसके पति या उसकी ओर से उसके कुटुम्ब का कोई सदस्य जो उसके साथ संयुक्त हो या उसके साथ रहता हो या किसी प्रकार उस पर आश्रित हो, द्वारा धारित या प्रतिबंधित हो तो इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा ही धारित या प्रतिबन्धित की गई समझी जायेगी।

**(ग) उनके लिए जिनके पास कोई हिस्से (Shares) या जमा पूंजी (Investment) नहीं है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं किसी हिस्से (Shares) या जमा पूंजी (Investment) का स्वामी/स्वामिनी नहीं हूं । यदि एतद्पश्चात् मैं कोई हिस्से अर्जित करूंगा/करूंगी या जमा पूंजी लगाऊंगा/लगाऊंगी तो मैं इस तथ्य की घोषणा सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा पत्र में कर दूंगा/दूंगी ।

दिनांक.............. हस्ताक्षर

नाम......................

पद......................

**(घ) उनके लिए जो हिस्से (Shares) के स्वामी/स्वामिनी हैं या जिनको अन्य जमा पूंजी (Investment) है ।**

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूं कि मैं निम्नलिखित हिस्से व जमा पूंजी रखता/रखती हूं :–

**हिस्से (Shares)**

| क्रम सं० | विवरण | अर्जित करने का दिनांक | प्रत्येक हिस्से का मूल्य | धारित हिस्सों की संख्या | हिस्सों का क्रय मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | | | | | |

**जमा पूंजी (Investment)**

| क्रम सं० | विवरण | पूंजी लगाने की तिथि | मूल्य | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | | | | |

यदि मैं आगे और हिस्से अर्जित करूंगा/करूंगी या अन्य कहीं पूंजी लगाऊंगा/लगाऊंगी तो मैं इस तथ्य की घोषणा सम्बन्धित पंचवर्षीय घोषणा पत्र में कर दूंगा/दूंगी ।

दिनांक.................. हस्ताक्षर

नाम......................

पद......................

## चल सम्पत्ति

**(च) केवल उनके लिए जिनके पास चल सम्पत्ति नहीं है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मेरे पास कोई चल सम्पत्ति नहीं है। यदि मैं एतद पश्चात् कोई चल सम्पत्ति धारण करता/करती हूं तो अपनी तत्सम्बन्धित अवधि की पंचवर्षीय घोषणा पत्र में घोषणा करूंगा/करूंगी।

दिनांक..................

हस्ताक्षर

नाम......................

पद.........................

**(छ) उनके लिए जिनके पास चल सम्पत्ति है।**

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता/करती हूं कि मैं निम्न प्रकार की चल सम्पत्ति का स्वामी/की स्वामिनी हूं

| क्रम सं० | सम्पत्ति का विवरण | क्रय / धारण करने की तिथि | मूल्य | क्या क्रय/धारण करने हेतु पूर्व अनुज्ञा प्राप्त की गई थी ? यदि हां तो उस अनुज्ञा की संख्या तथा दिनाक | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | | | | | |

चल सम्पत्ति का तात्पर्य ऐसी प्रत्येक चल सम्पत्ति से है जिसका मूल्य रु० 1000/- अथवा कर्मचारी के एक माह का वेतन, जो भी कम हो, से अधिक है।

दिनांक..................

हस्ताक्षर

नाम......................

पद.........................